छोटी सी अर्ज़ी | By Manoj Agarwal

छोटी सी अर्ज़ी लाया बाबा कर लो तुम स्वीकार
इतना भरोसा मुझको,करोगे ना तुम इंकार

हार गया दुखो ने मुझको,तोड़ दिया
कोई नहीं है तुम संग,नाता जोड़ लिया
साथ निभाना मेरा साँवरे तेरो ही आधार
इतना भरोसा मुझको,करोगे ना तुम इंकार

दर दर भटका तब जाके,मिला तेरा दर
तेरे चरणों में रख दिया,मैंने अपना सर
तुम ना सुनोगे किस को सुनाऊ सुन लो करुण पुकार
इतना भरोसा मुझको,करोगे ना तुम इंकार

आस मेरी तुझ पर ही टिकी,मेरे श्याम धणी
थोड़ी सी कृपा कर दो,ना माँगा ज्यादा धणी
कमी तुझे किस बात की बोलो भर दो मेरे भंडार
इतना भरोसा मुझको,करोगे ना तुम इंकार

जिस पर हो मेरे श्याम,तेरी सीधी दृष्टि
उसका क्या बिगाड़ेगी ,फिर ये सृष्टि
"रूबी रिधम" तेरे द्वार खड़ी बाबा दोनों हाथ पसार
इतना भरोसा मुझको,करोगे ना तुम इंकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9b%e0%a5%8b%e0%a4%9f%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%80-%e0%a4%85%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a5%80-by-manoj-agarwal/